

मैं बस इस पल का मज़ा लेना चाहता हूँ और अपनी टीम के साथियों के साथ जश्न मनाना चाहता हूँ। मैं इस पल का पूरा फ़ायदा उठा रहा हूँ और देखना चाहता हूँ कि हम सब मिलकर कितनी दूर तक जा सकते हैं। - लियोनेल मेसी

अर्जेंटीना के फुटबॉलर, वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के बाद बोलते हुए।




**आज का खिलाड़ी** — मार्केटा वांद्रोसोवा



**विंबलडन** की पूर्व चैंपियन मार्केटा वांद्रोसोवा को सोमवार को डोपिंग रोधी परीक्षण से इनकार करने के कारण चार साल के लिए निलंबित कर दिया गया। चेक गणराज्य की इस खिलाड़ी ने कहा कि जब परीक्षण एजेंट ने बिना अपनी सही पहचान बताए देर रात उनके दरवाजे की घंटी बजाई तो उन्हें 'मानसिक तनाव' और डर महसूस हुआ। अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी ने यह घोषणा करते हुए कहा कि वांद्रोसोवा ने दिसंबर में परीक्षण कराने से इनकार कर दिया था और यह फैसला एक स्वतंत्र पंचाट ने लिया है।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक मैच में सर्वाधिक गोल : रूस के ओलेग सालेन्को ने साल 1994 के वर्ल्ड कप में एक ही मैच (कैमरून के खिलाफ) में 5 गोल करने का अविश्वसनीय रिकॉर्ड बनाया था।

FIFA WORLD CUP 2026

## आज के मैच

**इंग्लैंड बनाम घाना**
सुबह 1.30 बजे

**पनामा बनाम क्रोएशिया**
सुबह 4.30 बजे

**कोलंबिया बनाम डीआर कांगो**
सुबह 7.30 बजे

# मेसी के दो गोल से अर्जेंटीना की जीत, ऑस्ट्रिया को हराकर नॉकआउट चरण में पहुंची टीम



डलास, 23 जून। फीफा विश्व कप 2026 में अर्जेंटीना ने अपने प्रशंसकों का भरोसा कायम रखते हुए ऑस्ट्रिया को भारतीय समयानुसार मंगलवार को 2-0 से हराकर नॉकआउट चरण में जगह पक्की कर ली। कप्तान लियोनेल मेसी ने दोनों गोल दागकर टीम को जीत दिलाई और एक बार फिर बड़े मंच पर अपनी अहमियत साबित की। मैच से पहले ही डलास शहर अर्जेंटीना के रंग में रंग गया था। हजारों समर्थकों ने पारंपरिक बांदेराजो आयोजन में हिस्सा लेकर शहर को नीले-सफेद रंग में सजा दिया था। मुकाबले के दिन भी स्टेडियम में अर्जेंटीना समर्थकों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

मुकाबले की शुरुआत में अर्जेंटीना को बड़ा मौका मिला जब वीडियो समीक्षा के बाद टीम को पेनाल्टी दी गई। हालांकि मेसी इस अवसर को गोल में नहीं बदल सके और उनका शॉट बाहर चला गया। यह विश्व कप 2022 में पोलैंड के खिलाफ चूकी पेनाल्टी के बाद देश के लिए उनकी पहली पेनाल्टी चूक रही।

इसके बाद ऑस्ट्रिया ने कुछ समय तक अर्जेंटीना पर दबाव बनाया और मुकाबले को संतुलित बनाए रखा। लेकिन 39वें मिनट में अर्जेंटीना को बढ़त मिल गई। थियागो आल्मादा ने फाकुंडो मेडिना के पास को चतुराई से छोड़ दिया और गेंद मेसी तक पहुंची। मेसी ने संतुलित अंदाज में गेंद को गोल में पहुंचाकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में ऑस्ट्रिया ने वापसी की कोशिश की और एक खतरनाक अवसर बनाया, लेकिन गोलरक्षक एमिलियानो मार्टिनेज़ ने शानदार बचाव किया।



## फ्रांस ने इराक को 3-0 से हराकर नॉकआउट में बनाई जगह, एम्बाप्पे ने दागे दो गोल

फिलाडेल्फिया, 23 जून। फीफा विश्व कप 2026 में फ्रांस ने मंगलवार को इराक को 3-0 से हराकर अंतिम 32 में अपनी जगह पक्की कर ली। मुकाबले का सबसे चर्चित पहलू रहा किलियन एम्बाप्पे का शानदार प्रदर्शन और बीच मैच में खराब मौसम के कारण हुआ लंबा व्यवधान। फ्रांस के कप्तान किलियन एम्बाप्पे ने प्रतियोगिता में अपना दूसरा दोहरा गोल दागते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके दोनों गोलों के बीच लगभग तीन घंटे का अंतर रहा, क्योंकि क्षेत्र में तेज़ तूफान और बारिश के कारण दूसरे हाफ की शुरुआत लगभग दो घंटे तक टालनी पड़ी। एम्बाप्पे के इन गोलों के साथ विश्व कप में उनके कुल गोलों की संख्या 16 हो गई और उन्होंने जर्मनी के पूर्व दिग्गज स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोज़े के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।



## नॉर्वे ने सेनेगल को 3-2 से हराकर नॉकआउट दौर में बनाई जगह

न्यूयॉर्क/न्यू जर्सी, 23 जून। फीफा विश्व कप 2026 में नॉर्वे ने सोमवार (भारतीय समयानुसार मंगलवार) को सेनेगल को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराकर अंतिम 32 में अपनी जगह पक्की कर ली। नॉर्वे की जीत के नायक एरलिंग हालांड रहे, जिन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल दागे। मुकाबले की शुरुआत नॉर्वे के लिए शानदार रही। टीम को शुरुआती बढ़त मार्कस पेडर्सेन ने दिलाई। इसके बाद दूसरे हाफ में एरलिंग हालांड ने आक्रामक खेल दिखाते हुए लगातार दो गोल कर नॉर्वे को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। हालांकि सेनेगल ने हार नहीं मानी। इस्माइला सार ने नॉर्वे के तीसरे गोल के पहले और बाद में दो गोल कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया।

## आर.डी. सिंह मेमोरियल गोल्फ में डॉ. देवेंद्र उप विजेता



जयपुर, 23 जून। जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में आयोजित मासिक मेडल चतुर्थ संस्करण के आ.डी.सिंह मेमोरियल गोल्फ प्रतियोगिता में डॉ देवेंद्र कुमार ने 10 से 16 हैंडीकैप वर्ग में 36 अंक प्राप्त कर उप विजेता बने। डॉ देवेंद्र द्वारा इसी माह की गोल्फ प्रतियोगिता में लगातार दूसरा पुरस्कार हासिल किया है। इस ग्रुप के विजेता हैदर अली के भी डॉ देवेंद्र के बराबर ही 36 अंक ही थे परंतु बैक 9 होल में अधिक अंक होने से हैदर को विजेता घोषित किया।

## राजस्थान की वुशू खिलाड़ी दिव्यांशी का भारतीय टीम में चयन



जयपुर, 23 जून। हुबेई, चीन में 24 से 29 जून 2026 तक आयोजित होने वाली एससीओ इंटरनेशनल वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने वाली भारतीय वुशू टीम में कोटा, राजस्थान की दिव्यांशी का चयन हुआ। हीरानंद कटारिया, उपाध्यक्ष, भारतीय वुशू संघ व अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि दिव्यांशी 60 किलोग्राम भारवर्ग में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए, पदक की दावेदारी पेश करेगी। राजेश कुमार टेलर, वुशू कोच ने बताया कि दिव्यांशी का चयन दिनांक 4 से 8 जून तक श्रीनगर में आयोजित सलेक्शन ट्रायल व राष्ट्रीय स्तर पर नियमित शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ है तथा दिव्यांशी का अगला लक्ष्य सितम्बर में जापान में आयोजित होने वाले एशियाई खेलो में भाग ले कर देश के लिए पदक जीत, देश व प्रदेश का नाम रोशन करने का है।

## राजस्थान स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में मानिनी कौशिक को गोल्डन डबल



जयपुर, 23 जून। मानिनी कौशिक ने हाल ही में खत्म हुई स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में दो गोल्ड मेडल और एक ब्रॉन्ज़ मेडल जीता। वह 50 मीटर 3 1 और प्रोन इवेंट में गोल्ड मेडल और 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में ब्रॉन्ज़ मेडल जीतने में कामयाब रहीं। इस तरह मानिनी ने पिछली लगातार पांच स्टेट चैंपियनशिप में 9 गोल्ड मेडल और दो ब्रॉन्ज़ मेडल जीते हैं जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। खास बात यह है कि मानिनी अभी 50 मीटर प्रोन कैटेगरी में नेशनल रैंकिंग में पहले नंबर पर हैं। उन्हें 2026 1 वर्ल्ड कप काहिरा इजिप्ट के लिए भी चुना गया है, जहां वह 50 मीटर राइफल 3 1 इवेंट में इंडिया को रिप्रेजेंट करेंगी।

## राज्यवर्धन राठौड़ की पहल पर खिलाड़ियों के लिए विशेष पौष्टिक डाइट शुरू की जायेगी

जयपुर, 23 जून। युवा मामले एवं खेल मंत्री राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की पहल पर राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा संचालित सभी खेल अकादमियों एवं क्रीड़ा संस्थानों में प्रशिक्षणरत खिलाड़ियों के लिए पहली बार विशेष पौष्टिक आहार की व्यवस्था लागू की जा रही है। खेल मंत्री कर्नल राठौड़ ने कहा कि प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के लिए विश्वस्तरीय प्रशिक्षण के साथ-साथ विश्वस्तरीय पोषण मिलना भी आवश्यक है। इसी सोच के साथ यह निर्णय लिया गया है। नई डाइट योजना के अंतर्गत खिलाड़ियों को प्रतिदिन उच्च प्रोटीन एवं ऊर्जा युक्त भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें बादाम, खजूर, उबले अंडे, मौसमी फलों के जूस दिए जाएंगे। मुख्य भोजन में पनीर, मटन, चिकन, विभिन्न प्रकार की दालें, मल्टीग्रेन रोटियां तथा मौसमी सब्जियां शामिल रहेंगी। शाकाहारी एवं मांसाहारी खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग संतुलित मेन्यू तैयार किया गया है।

# रोहित और सविता को पद्मश्री, विजय अमृतराज को पद्म भूषण

नई दिल्ली, 23 जून। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाले भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को मंगलवार, 23 जून को नई दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश के चौथे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म श्री से नवाजा। रोहित शर्मा उन 65 बड़ी हस्तियों में शामिल थे, जिन्हें इस दूसरे सिविल इनवेस्टीट्यूर सेरेमनी में सम्मानित किया गया। रोहित के अलावा भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार गोलकीपर सविता पूनिया को भी पद्म श्री मिला, जबकि टेनिस के लेजेंड विजय अमृतराज को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

### दिग्गजों के एलीट क्लब में शामिल हुए रोहित शर्मा

यह प्रतिष्ठित सम्मान हासिल करने के साथ ही रोहित शर्मा भारतीय क्रिकेट के एक बेहद खास और एलीट क्लब में शामिल हो गए हैं। वह देश के उन चुनिंदा लगभग 40 क्रिकेटर्स की लिस्ट में आ गए हैं, जिन्हें अब तक पद्म श्री से नवाजा गया है। इस सम्मान के साथ रोहित का नाम अब विजय हजारे और नवाब पटौदी जैसे गुजरे जमाने के दिग्गजों से लेकर सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, एमएस धोनी और विराट कोहली जैसे मॉडर्न मास्टर्स की आइकॉनिक लीग में जुड़ गया है।



# अल्जीरिया ने जॉर्डन को 2-1 से हराकर नॉकआउट की उम्मीदें जिंदा रखी

सैन फ्रांसिस्को, 23 जून। फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप जे मुकाबले में मंगलवार को अल्जीरिया ने शानदार वापसी करते हुए जॉर्डन को 2-1 से हराकर अपनी नॉकआउट चरण में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा रखीं, जबकि जॉर्डन का टूर्नामेंट सफर यहीं समाप्त हो गया।

मैच की शुरुआत से ही अल्जीरिया ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और लगातार आक्रमण किए, लेकिन जॉर्डन की मजबूत रक्षापंक्ति ने लंबे समय तक उन्हें सफलता नहीं मिलने दी। इसके उलट जॉर्डन ने मिले मौके का फायदा उठाते हुए 36वें मिनट में बढ़त हासिल कर ली। अल्जीरियाई रक्षण पंक्ति की गलती के बाद बने तेज आक्रमण को निजार अल-रशदान ने निचले कोने में शानदार शॉट लगाकर गोल में बदल दिया।

पहला हाफ में 1-0 से पीछे रहने के बाद अल्जीरिया ने दूसरे हाफ में दबाव बढ़ाया और वापसी की शुरुआत 69वें मिनट में हुई। स्थानापन्न खिलाड़ी नाधिर बेनबुआली ने रियाद महरेज के कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया। इसके बाद अल्जीरिया ने लगातार दबाव बनाए रखा और 82वें मिनट में एक और कॉर्नर से निर्णायक गोल आया। बॉक्स में बनी अफरा-तफरी के बीच अमीन गुइरी ने नजदीक से गेंद को गोल में पहुंचाकर अल्जीरिया को 2-1 की बढ़त दिला दी। अंतिम मिनटों में जॉर्डन ने बराबरी की कोशिश की, लेकिन अल्जीरिया ने बढ़त बचाए रखी और महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।



## क्रीड़ा परिषद के सचिव राजकेश मीणा हर बुधवार को सुनेंगे खिलाड़ियों की समस्याएं

जयपुर 23 जून। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा राज्य में खेल और खिलाड़ियों के विकास तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए एक बड़ी पहल की गई है। सवाई मानसिंह (एसएमएस) स्टेडियम स्थित परिषद मुख्यालय पर अब नियमित जनसुनवाई के अतिरिक्त प्रत्येक बुधवार को विशेष जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में क्रीड़ा परिषद द्वारा आधिकारिक सूचना जारी कर प्रदेश के समस्त खिलाड़ियों, खेल प्रशिक्षकों (कोचेस), विभिन्न खेल संघों और खेल जगत से जुड़े संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया गया है।

इस विशेष जनसुनवाई की मुख्य विशेषता यह होगी कि इसमें खेल और खिलाड़ियों से जुड़े तमाम विषयों, शिकायतों, सुझावों और समस्याओं की सुनवाई स्वयं क्रीड़ा परिषद के सचिव द्वारा की जाएगी। इस दौरान परिषद के अन्य संबंधित अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहेंगे ताकि खिलाड़ियों के मामलों और शिकायतों का तुरंत निस्तारण किया जा सके। इस कदम से खेल प्रशासन में पारदर्शिता बढ़ेगी और स्थानीय स्तर पर खिलाड़ियों को अपनी बात सीधे उच्चाधिकारियों तक पहुँचाने का मौका मिलेगा। क्रीड़ा परिषद द्वारा तय किए गए कार्यक्रम के अनुसार, यह विशेष जनसुनवाई प्रत्येक बुधवार को दोपहर 2.30 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम परिसर में आयोजित की जाएगी। परिषद प्रबंधन ने सभी संबंधित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल पदाधिकारियों से अपील की है कि वे इस निर्धारित समय सारणी के अनुसार उपस्थित होकर अपनी समस्याओं को दर्ज कराएं और इस विशेष जनसुनवाई का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने दागा दूसरा गोल, पुर्तगाल ने बनाई 3-0 की बढ़त

ह्यूस्टन स्टेडियम, 23 जून। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पहले ही हाफ में अपना दूसरा गोल दागा। रोनाल्डो ने 39वें मिनट में शानदार गोल किया और उज्बेकिस्तान के खिलाफ टीम को 3-0 से आगे किया। रोनाल्डो का विश्व कप में यह 10वां गोल है और वह पुर्तगाल के लिए फीफा विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। विश्व कप में रोनाल्डो का यह 17वां गोल था और इसके साथ ही वह विश्व कप में सर्वाधिक गोल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे आगे सिर्फ लियोनल मेसी हैं जिनके नाम फीफा विश्व कप में 18 गोल हैं।



**रोनाल्डो का गोल -** रोनाल्डो ने शुरुआती मिनटों में ही उज्बेकिस्तान पर बढ़त दिला दी। रोनाल्डो ने छठे मिनट में गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। रोनाल्डो ने मौके को पूरी तरह भुनाया और गोल दागा। रोनाल्डो का फीफा विश्व कप में यह नौवां गोल था। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने गोल किया और यह एक ऐतिहासिक गोल है। वह छह विश्व कप में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। क्रॉस के लिए वह बिल्कुल सही जगह पर थे और उन्होंने बहुत ही शानदार तरीके से गोल पूरा किया।

## देवेंद्र शेखावत क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 23 जून। अंडर-16 समर कप में देवेंद्र शेखावत क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39 ओवर में 150 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाए। राजवीर ने 29 और कौशलेंद्र ने 22 रनों का योगदान दिया। शास्त्री क्रिकेट अकादमी की ओर से अमित मीणा ने 3 और रोहन जैन ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शास्त्री क्रिकेट अकादमी 26 ओवर में 61 रन पर ऑल आउट हो गई। देवेंद्र शेखावत क्रिकेट अकादमी की ओर से नईम खान ने 3, लक्ष्य और अभी प्रजापत ने 2-2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच नईम खान को चुना गया।

## बगड़ अकादमी ने मिनर्वा अकादमी को 118 रन से हराया

जयपुर, 23 जून। जयपुर के स्थानीय रेलवे ग्राउंड पर चल रहे हैं हाजी गनी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट मैं पहला मैच बगड़ क्रिकेट अकादमी और मिनर्वा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए मगर की बगड़ क्रिकेट अकादमी ने 206 रन बनाए। जिसमें परवेज ने 81 रन व शुभम ने 48 रन की पारी खेली। मिनर्वा की ओर से गेंदबाजी में सुमित बागोरिया ने 3 विकेट व हर्ष सोनी ने 2 विकेट लिए। जवाब में मिनर्वा अकादमी 88 रन पर ही ऑल आउट हो गई। जिसमें अर्जुन ने 25 रन व प्रवीर ने 24 रन बनाए। बगर अकादमी की ओर से गेंदबाजी में विनय ने 3 विकेट व कार्तिक और अमित ने 2-2 विकेट लिए। बगड़ अकादमी ने मिनर्वा अकादमी को 118 रन से हराया। दिन का दूसरा मुकाबला बगड़ क्रिकेट अकादमी और जयपुरिया क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया।जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बगड़ अकादमी ने 274 रन बनाए। जिसमें डेविड सिंह ने 84 रन व प्रतीक मान ने 53 रन व शुभम ने 48 रन बनाए। जयपुरिया अकादमी की ओर से गेंदबाज में है हेमान्य भारद्वाज ने 4 विकेट लिए। जवाब में जयपुरिया अकादमी 218 रन मना पाई। जिसमें राहुल खंडेलवाल ने 103 रन व साहिब ने 33 रन बनाए। बगड़ क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी में विनय अमित व ईमान ने 2-2 विकेट लिए।

# आर.डी. बाहेती जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन चैम्पियनशिप का शुभारंभ, सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी तीसरे दौर में पहुंचे



जयपुर, 23 जून। आर.डी. बाहेती मेमोरियल जयपुर जिला ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप-2026 का शुभारंभ मंगलवार सुबह 10:30 बजे एसएमएस स्टेडियम इंडोर बैडमिंटन हॉल में भव्य समारोह के साथ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रदीप बाहेती, सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश एन.के. जैन, अशोक बाहेती एवं संजय बाहेती ने स्वर्गीय आर.डी. बाहेती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर एन.के. जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया।

उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए मुकाबलों में सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरे दौर में प्रवेश किया। सचिव मनोज दासोत अनुसार आज पहले दिन लगभग 120 मैच खेले गए अंडर-15 बालक एकल में युवराज सिंह शेखावत ने लक्ष्य खोईवाल को 15-7, 15-8 से पराजित कर तीसरे दौर में जगह बनाई।

अंडर-15 एवं अंडर-17 बालिका एकल में पद्मजा सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दोनों वर्गों में तीसरे दौर में प्रवेश किया। अंडर-17 वर्ग में उन्होंने दीप्ति यादव को 15-3, 15-3 से हराया। वहीं, अंडर-17 बालिका वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त आराध्या जैन ने तनिष्का जैन को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर-15 बालिका एकल में दूसरी वरीयता प्राप्त रिद्धि बत्रा भी जीत दर्ज कर तीसरे दौर में पहुंचने में सफल रहीं।

उद्घाटन समारोह के दौरान प्रदीप बाहेती ने अपने पिता स्वर्गीय आर.डी. बाहेती की खेलों के प्रति भावना और इच्छा को याद करते हुए घोषणा की कि आर.डी. बाहेती चैरिटेबल ट्रस्ट हर वर्ष जयपुर जिला बैडमिंटन प्रतियोगिता को प्रायोजित करता रहेगा। जिला सचिव मनोज दसोत के अनुसार प्रतियोगिता की औपचारिक शुरुआत प्रथम शटल खेलकर माननीय एन.के. जैन एवं प्रदीप बाहेती ने की। इस अवसर पर संस्था के पैट्रन राजीव नागौरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति-चिन्ह भेंट किए।

समारोह में आयोजन सचिव अतुल गुप्ता, रितु लोहिया, संजय भार्गव, विकास माथुर, जगदीश खत्री एवं सुरेंद्र गोयल सहित अनेक खेल प्रेमी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। आयोजन सचिव अतुल गुप्ता ने बताया कि बुधवार को अंडर-11, अंडर-15 एवं अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग के एकल मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।

## सीकर ने झुंझुनूं को हराया, क्वार्टरफाइनल मैच में उदयपुर ने जोधपुर को हराया





जयपुर, 23 जून। राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर वीमेन प्रतियोगिता के के आज खेले गए सेमीफाइनल व क्वाटर फाइनल मैचों का परिणाम :-

आरसीए अकादमी सेमीफाइनल सीकर - झुंझनू (सीकर 34 रन से जीती जी आर ग्राउंड क्वाटर फाइनल जोधपुर -उदयपुर, उदयपुर 2 विकेट से जीती।

राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड प्रतियोगिता (सुपर लीग) मैचों के दूसरे दिन जयपुर ने जालोर को पारी व विशाल अंतर से हराया व प्रतियोगिता मेदिव्य गजराज का दोहरा शतक , कार्तिकेय चौधरी का शतक

जयपुर - जालोर मैच, जयपुर पारीव 170 रनोसे जीती। सीकर - करौली मैच, सीकर पहली पारी 747 /7 घोषित टीम के लिए दिव्य गजराज 261, पार्थ यादव 92, सोहन 57 व हिमांशु नेहरा 58 रन। नागौर - चूरू मैच, नागौर पहली पारी 233 आल आउट। चूरू पहली पारी 250 आल आउट। टीम के लिए राजवीर सिंह 58 व सचिन चौधरी 53 रन। बीकानेर -उदयपुर मैच, बीकानेर पहली पारी 220 आल आउट। उदयपुर पहली पारी 313 आल आउट।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**PWD ELECT DIV. KOTA**

क्रमांक-248 दिनांक-12/6/26

**Notice Inviting Bid No 07/2026-27**

Bid for "01 No Electrification work " NIT No. 07/2026-27 are invited from interested bidders up to 6.00 PM on 28.06.2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in,http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website. The approximate value of the procurement is Rs 141.65 Lac

UBN No.- 1. PWD2627WSOB04842

(Rajendra Kumar Vasanwal)
Executive Engineer
PWD Elect Division Kota

DIPR/C/10751/2026

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग, कोटा**
पताः- प्रथम तल जिला परिषद् भवन सीएडी कोटा, पिन कोड 324009
ई-मेल - SEWDSC.KOTA@RAJASTHAN.GOV.IN

क्रमांकः लेखा / 2026-27/648 दिनांक :- 16/6/26

**NOTICE INVITING BID**
**NIB No 06 YEAR 2026-27**

Bids for NRM Works, estimated value INR 94.53 Lacs are invited from interested bidders up to 6.00 PM, 29.06.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state. or

NIB NO.-WSC2627A0435
UBN NO.-WSC2627WSOB00679

(उमेश चन्द्र गुप्ता)
अधीक्षण अभियन्ता
जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग कोटा

DIPR/C/10941/2026

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-द्वितीय सवाई माधोपुर**

क्रमांक : 328 दिनांकः 15/6/26

**ई-निविदा सूचना संख्याः 05/2026-27 खण्ड-द्वितीय सवाई माधोपुर**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड कार्यालय के अधीन उपखण्डो में एसआर टू सीडी एवं रिनिवल सडक निर्माण कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के यथोचित श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN NO. :- 1. PWD2627WSOB04961, 2. PWD2627WSOB04962, 3. PWD2627WSOB04963

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड-द्वितीय सवाई माधोपुर

DIPR/C/10893/2026

राजस्थान सरकार
**कार्यालय ग्राम पंचायत गोलासन**
**पंचायत समिति सांचौर, जालोर**

क्रमांक / निविदा / 2026-27/35 दिनांक :- 15.6.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 01 वर्ष 2026-27**

पंचायत समिति सांचौर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत गोलासन वित्तीय वर्ष 2026-27 की अवधि के लिए महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत कराये जाने वाले समस्त निर्माण कार्यों हेतु (अनुबंध सम्पादन की तिथि से 31.03.27) निर्माण सामठी (माल एवं सेवाऐं) आपूर्ती तथा उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु दर अनुबंध (रेट कांट्रेक्ट) राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 व नियम 2013 एवं राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के अनुसार जी एस टी अधिनियम 2017 में पंजीकृत अनुभवी एवं जिन्होने अपनी माह मार्च 2026 की फाईलिंग की हों एवं ऐसे विनिर्माताओं, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा संबंधी तिथियां, समय, शर्तें, निविदा की अनुमानित राषि एवं निविदा का अन्य विस्तृत विवरण कार्यालय समय में संबंधित कार्यालय में एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल है www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन / डाउनलोड किया जा सकता । निविदा के NIB NO. ZJR2627A0273 & UBN NO. ZJR2627GLOB00306 है।

| ग्राम पंचायत का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि रूपये में | ऑनलाईन बोली दस्तावेज डाउनलोड/ अपलोड करने की दिनांक व समय | प्रोसेसिंग शुल्क, निविदा शुल्क एवं अमानत राशि मय तकनिकी बिड भौतिक रूप से ग्राम पंचायत में जमा कराने की दिनांक व समय | ऑन-लाईन निविदा खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| गोलासन | 90.00 लाख | 180000 | 16.06.2026 से 26.06.2026 | 26. 29.06.26 को 01.00 PM तक | 29.06.26 को 1.00 PM से |

जीवाराम चौधरी, प्रशासक
ग्राम पंचायत-गोलासन
पं.स. सांचौर (जालोर)

DIPR/C/10906/2026

विजलाराम देवासी, ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत-गोलासन
पं.स. सांचौर (जालोर)

राजस्थान-सरकार
**कार्यालय जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, ब्यावर**
उदयपुर रोड़ चूंगी नाका, साकेत पुलिस स्टेशन के पीछे, ब्यावर
ई-मेल : dlo.sje.beaw@rajasthan.gov.in 01462299053

क्रमांकः-सान्याअवि/ब्यावर/ई-टेण्डर/2026-27/942 दिनांकः- 11/06/226

**ई-निविदा सूचना 04/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा राजस्थान लोकउपापन मे पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवंनियम 2013 के अन्तर्गत मानव संसाधन की सेवाओ के उपापनो के सम्बन्ध मे वित्त विभाग के आदेश क्रमांक एफ 2 (1) वित्त / एसपीएफसी / 2017 संख्या 1/2018 जयपुर दिनांक 30.04.2018 एव श्रीमान निदेशक एव संयुक्त शासन सचिव सान्याअवि के पत्रांक राजकाज रेफरेंस न. 20849414 दिनांक 04.06.2026 के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतू कार्यालय जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, ब्यावर के अधीन संचालित विभागीय राजकीय छात्रावासों जिनमें रसोईसा / चौकीदार पदस्थापित नहीं है, में रसोईया / चौकीदारी के कार्य जॉब बेसिस आधार पर कार्य कराने हेतु इच्छुक श्रम आपूर्तिकर्ताओ / स्वंय सहायता समूहो / संवेदक से निम्नानुसार ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं-

| क्र. सं. | जॉब कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित वाषिक लागत राशि रू. | 02 प्रतिशत धरोहर राशि रू. | निविदा शुल्क राशि रू. | आर.आई.एस. एल. प्रक्रिया शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | विभागीय राजकीय छात्रावासों में खाना बनाने व चौकीदारी कार्य जॉब बेसिस आधार पर करवाया जाना। | 4350000/- | 87000/- | 500/- | 500/- |

ई-निविदा कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | ई प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रपत्र बिड डाटा सीट इत्याद्वि डाउनलोड करने की प्रारंभ तिथि व समय | 11.06.2026 | 12.00 PM |
| 2 | ई प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रस्तुत करने की प्रारंभतिथि व समय | 11.06.2026 | 12.00 PM |
| 3 | ई प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा प्रपत्र बिड डाटा सीट इत्याद्वि अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय | 25.06.2026 | 11.00 PM |
| 4 | अमानत राशि, निविदा शुल्क एवं आर.आई.एस.एल. प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा दस्तावेज कार्यालय मे प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 25.06.2026 | 01.00 PM |
| 5 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | 25.06.2026 | 03.00 PM |

ऑन-लाईन बिडिंग के लिए निविदा दाता का सूचना प्रौधोगिक अधिनियम 2000 के अनुसार डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र (DSC) होना आवश्यक हैं। निविदा दस्तावेज मय शर्तें sjerajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। तकनीकी निविदा उन्ही निविदादाताओं की खोली जायेगी जिनके द्वारा निविदा अमानत / धरोहर राशि के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो की जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, ब्यावर के नाम तथा निविदा प्रपत्र शुल्क ऑनलाइन ई-ग्रास से चालान 500 रू एवं RISL ई निविदा प्रक्रिया शुल्क राशि ऑनलाई न ई-ग्रास से चालान 500/- रूपयें Managing Director, RISL, Jaipur (Payable at Jaipur) के नाम से नियत तिथी एवं समय तक कार्यालय में प्रस्तुत कर दी गई होगी। तकनीकी निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाने पर अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जावेगी। उक्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

UBN NO. SOC2627SLOB00044

जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी
सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
ब्यावर

DIPR/C/11074/2026